# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना शमसाबाद

## दिनांक :- 10.11.2023

**थाना शमसाबाद पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त जेबकतरे को 01 अदद चोरी किया हुआ मोबाइल व जेब काटकर चोरी किये हुए 1200 रुपये के साथ किया गया गिरफ्तार ।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर **श्री आलोक सिंह** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर **श्री प्रशान्त कुमार** के कुशल पर्यवेक्षण, श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ **श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक **श्री डा0 संजय सिंह** व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री सोहराब आलम के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनाँक 10.11.2023 को 01 नफर अभियुक्त बोबी पुत्र चरन सिंह निवासी जगतापुर थाना इन्दरगढ़ जनपद कन्नौज को पब्लिक द्वारा टैम्पो स्टैण्ड के पास सोसाइटी के सामने कस्बा शमसाबाद के पास से जेब काटकर चोरी किये गये 1200 रुपये व थाना नवाबगंज क्षेत्र से चोरी किया गया 01 अदद मोबाइल ओप्पो कम्पनी व जामा तलाशी से एक ब्लेड का टुकड़ा व 01 अदद मोबाइल रियलमी कम्पनी बरामद हुआ । जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 268/23 धारा 379/411/413 भादवि पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।



**पूछताछ का विवरण:-** अभियुक्त द्वारा जुर्म की माफी माँगते हुए बताया कि साहब मेरे पास जमीन जायदाद नहीं है, इसलिये मैं कभी-कभी जेब काटकर पैसे चुरा लेता हूँ और मोबाइल, मोटरसाइकिल आदि की चोरी कर लेता हूँ और उन्हें सस्ते दामों पर बेच देता हूँ और मैंने आज जो मोबाइल चोरी किया था उसे भी मैं आने जाने वाले व्यक्तियों को अपनी मजबूरी बताकर बेच देता मुझे एक मोबाइल के यदि मोबाइल सही हो तो 4000-5000 रुपये मिल जाते हैं उससे मैं अपने परिवार का भरण पोषण व शौक मौज कर लेता हूँ। आज मैं मोबाइल चोरी करने के बाद जेब काटकर रुपये निकाल चुका था और ओटो से उतरने की फिराक में था कि लोगों ने पकड़ लिया और मुझे थाने ले आये। मैं इससे पहले कई बार बनारस की ओर जाकर चोरी कर लाया हूँ, लेकिन कभी पकड़ा नहीं गया। मैंने आपको सारी सही सही बात बता दी है, लेकिन कोर्ट में मैं वही बोलूँगा जो मेरा वकील बतायेगा।

## गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता:-

1. बोबी पुत्र चरन सिंह निवासी जगतापुर थाना इन्दरगढ जनपद कन्नौज उम्र करीब 22 वर्ष

## बरामदगी का विवरण :-

1.एक अदद चोरी किया गया मोबाइल ओप्पो कम्पनी
2. जेब काटकर चोरी किये हुए 1200 रुपये
3.जामा तलाशी से एक अदद ब्लेड का टुकड़ा व अदद मोबाइल रियलमी कम्पनी।

## आपराधिक इतिहास अभियुक्त बोबी उपरोक्त –

1.मु0अ0सं0 268/23 धारा 379/411/413 भादवि थाना शमसाबाद
2.मु0अ0सं0 301/23 धारा 379 भादवि0 थाना नवाबगंज

## ➢गिरफ्तार करने वाली थाना शमसाबाद पुलिस टीम:-

1.थानाध्यक्ष बलराज भाटी
2.उ0नि0 श्री विशेष कुमार
3.का0 विकास कुमार
4.का0 करतार सिंह

**मीडिया सेल फतेहगढ़।**

उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# FATEHGARH POLICE

पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार के निर्देशन में सर्विलांस सेल द्वारा देश के विभिन्न राज्यों व विभिन्न जनपदों के थाना क्षेत्रों से गुमशुदा/खोये हुए कुल 121 मोबाइल फोन(अनुमानित कीमत लगभग 25 लाख रुपये) बरामद कर मोबाइल स्वामियों को सुपुर्द किए गए।



@fatehgarhpolice @fatehgarhpolice fatehgarhpolice

# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट – थाना कम्पिल

## दिनांक :- 10.11.2023

## फतेहगढ़ पुलिस द्वारा उ0प्र0 गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त अमित सक्सेना की "सत्ताईस लाख सत्ताईस हजार दो सौ अठहत्तर रुपये" की सम्पत्ति कुर्क की गयी।

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर श्री आलोक सिंह के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर श्री प्रशान्त कुमार के कुशल पर्यवेक्षण, **श्रीमान पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ श्री विकास कुमार** के मार्गदर्शन, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक श्री डा0 संजय सिंह व क्षेत्राधिकारी कायमगंज श्री सोहराब आलम के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 308/2022 धारा 3(1) उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 बनाम **(1). श्यामू पाल पुत्र वीर सिंह (गैंग लीडर) निवासी ग्राम नगला बिलौना थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद (2) अमित सक्सेना पुत्र महिमाचन्द्र (3) सुरजीत पुत्र बल्ली निवासीगण सैंथरा थाना कायमगंज जनपद फर्रूखाबाद** जिसकी विवेचना थानाध्यक्ष कम्पिल, श्री अशोक कुमार द्वारा सम्पादित की जा रही है । गैंग लीडर श्यामू पाल उर्फ श्याम सिंह द्वारा अपने साथियों अमित सक्सेना व सुरजीत के साथ मिलकर अपने आर्थिक व भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु समाजविरोधी क्रिया कलाप करते हुए विगत कई वर्षों से गिरोह बनाकर लगातार अपराधिक गतिविधियो में लिप्त रहकर अपने स्वार्थ के लिए अपराध कारित करते रहे हैं । इस गिरोह का समाज में इतना आतंक एवं भय व्याप्त है कि जनता का कोई व्यक्ति इनके खिलाफ सूचना या गवाही देने के लिए तैयार नहीं होता है। यह गैंग आपराधिक गतिविधियों सहित समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त हैं तथा आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने हेतु अवैध शस्त्रों से लैस होकर लूट व डकैती जैसे जघन्य/गंभीर प्रकृति के अपराध कारित करके अवैध कृत्यों एवं अपराधों से अर्जित किये गये अवैध धन चल अचल सम्पत्ति अपने साथी व परिवारीजन के नाम एकत्रित की है, जबकि अभियुक्त व उसके परिवारीजन की आय का कोई वैध स्रोत नही है। उपरोक्त अवैध सम्पत्ति को कुर्क किये जाने हेतु विवेचनाधिकारी द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के क्रम में मा0 जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश सं0 24/2023 दिनांक 02.11.2023 के द्वारा निम्नांकित सूची में अभियुक्त अमित सक्सेना व उसके परिवारीजन के नाम पंजीकृत अवैध सम्पत्तियों को गैंगस्टर की धारा 14(1) के अन्तर्गत कुर्क किये जाने के लिये आदेशित किया गया।

दिनांक 10.11.2023 को तहसीलदार कायमगंज महोदय के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कम्पिल श्री अशोक कुमार व थानाध्यक्ष नबाबगंज श्री जय प्रकाश शर्मा मय हमराह फोर्स के साथ सूची में अंकित भूखण्डो पर जाकर नियमानुसार

कुर्की आदेश की उदघोषणा करते हुये डुगी-डुगी पिटवाकर नोटिस चस्पा किये गये तथा सील की कार्यवाही करते हुये धारा 14(1) गैगेस्टर एक्ट (कुर्की) की कार्यवाही सम्पादित करते हुये अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

| **क्र0सं0** | **भू/भवन पंजीकृत स्वामी का नाम व पता** | **सम्पत्ति का विवरण** | **वर्तमान बाजार मूल्य के अनुसार मूल्यांकन** |
|---|---|---|---|
| 01 | अमित सक्सेना पुत्र महिमाचन्द्र निवासी सैंथरा जनपद फर्रूखाबाद द्वारा अपनी माता श्रीमती मुन्नी देवी के नाम पर | नबाबगंज स्थित जमीन 0.0180 हे0 | 10,80,000/- (दस लाख अस्सी हजार) |
| 02 | अमित सक्सेना पुत्र महिमाचन्द्र निवासी सैंथरा जनपद फर्रूखाबाद द्वारा अपनी माता श्रीमती मुन्नी देवी के नाम पर | बना भवन 128 वर्गमीटर | 16,47,278/- (सोलह लाख सैतालीस हजार दो सौ अठहत्तर) |
| **कुल योग** | | | **27,27,278/- (सत्ताईस लाख सत्ताईस हजार दो सौ अठहत्तर)** |

**मीडिया सेल फतेहगढ़**

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

## प्रेस नोट- पुलिस खेल प्रतियोगिता
## दिनांक :- 10.11.2023

27वीं अन्तर जनपदीय, कानपुर जोन, कानपुर की पुलिस (पुरूष/महिला) पुलिस एथलेटिक्स कलस्टर, खो-खो,साइकिलिंग प्रतियोगिता वर्ष-2023 का समापन मुख्य अतिथि श्री विकास कुमार, पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ द्वारा किया गया। समापन के अवसर पर डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक जनपद फतेहगढ़, श्री रवीन्द्रनाथ राय क्षेत्राधिकारी अमृतपुर/लाइन्स तथा समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

परेड ग्राउण्ड रिजर्व पुलिस लाइन फतेहगढ़ में आयोजित कानपुर जोन की अन्तरजनपदीय(पुरुष/महिला) एथलेटिक्स, खो-खो एवं साइकिलिंग प्रतियोगिता में आज दिनांकः 10.11.2023 को प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सम्पन्न होने वाली प्रतियोगिताओं का फाइनल परिणाम निम्नवत् हैः-

**पुरूष/महिला वर्ग**

| क्र0 सं0 | स्पर्धा का नाम | प्रतिभागी का नाम | जनपद | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 42 किमी0 मैराथन दौड़ पुरूष | संतोष कुमार | कन्नौज | प्रथम |
| | | सुनील कुमार | कानपुर देहात | द्वितीय |
| | | ओमपाल | कन्नौज | तृतीय |
| 2. | 400 मी0 बाधा दौड़ पुरूष | संदीप दुबे | झांसी | प्रथम |
| | | अभिषेक | इटावा | द्वितीय |
| | | इन्द्रभान | फतेहगढ़ | तृतीय |
| | 400 मी0 बाधा दौड़ महिला | नूतन | फतेहगढ | प्रथम |
| | | पल्लवी | ललितपुर | द्वितीय |
| | | दीक्षा | झांसी | तृतीय |
| 3. | 110 मी0 बाधा दौड़ पुरूष | संदीप दुबे | झांसी | प्रथम |
| | | विजय | कानपुर नगर | द्वितीय |
| | | अभिषेक | कानपुर देहात | तृतीय |
| | 100 मी0 बाधा दौड़ महिला | ज्योति | कानपुर नगर | प्रथम |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रियंका छोकर | कानपुर नगर | |
| | | प्रियंका द्विवेदी | कानपुर नगर | |
| | | आरती पासी | कानपुर नगर | |
| | | बबली | कानपुर नगर | |
| | | ज्योति | कानपुर नगर | |
| | | कविता | झांसी | उप-विजेता |
| | | वंदना | झांसी | |
| | | सरिता सागर | झांसी | |
| | | रिया तोमर | झांसी | |
| | | नीतू यादव | झांसी | |
| | | चन्द्र प्रभा | झांसी | |
| | | आलोपी | झांसी | |
| | | संजना | झांसी | |
| | | शालिनी | झांसी | |
| | | दीक्षा | झांसी | |
| | खो-खो प्रतियोगिता पुरूष | अशोक कुमार यादव | कानपुर नगर | विजेता |
| | | शिव तोमर | कानपुर नगर | |
| | | विजय | कानपुर नगर | |
| | | राहुल | कानपुर नगर | |
| | | मोहन कुमार | कानपुर नगर | |
| | | योगेश | कानपुर नगर | |
| | | आदित्य कुमार | कानपुर नगर | |
| | | राहुल सिंह | कानपुर नगर | |
| | | अजय सिंह | कानपुर नगर | |
| | | रावेन्द्र | कानपुर नगर | |
| | | सचिन कुमार | कानपुर नगर | |
| | | चन्द्र प्रताप | कानपुर नगर | |
| | | जगदीश बघेल | फतेहगढ़ | उप-विजेता |
| | | रंजीत सिंह | फतेहगढ़ | |
| | | बलवीर | फतेहगढ़ | |
| | | अजय ठाकुर | फतेहगढ़ | |
| | | अंकित | फतेहगढ़ | |
| | | अंकित आर्य | फतेहगढ़ | |
| | | सोनू कुमार | फतेहगढ़ | |
| | | हरिओम सिंह | फतेहगढ़ | |
| | | प्रिंस कुमार | फतेहगढ़ | |
| | | रोहित शुक्ला | फतेहगढ़ | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | संजना | झांसी | द्वितीय |
| | | ममता | कानपुर नगर | तृतीय |
| 4. | डकैथ लान | सतीश | इटावा | प्रथम |
| | | पंकज भाटी | कानपुर नगर | द्वितीय |
| | | अमित | फतेहगढ | तृतीय |
| 5. | साइक्लिंग प्रतियोगिता महिला | काजल सिंह | कन्नौज | प्रथम |
| | | रश्मी | कानपुर नगर | द्वितीय |
| | | रिंका | कानपुर नगर | तृतीय |
| 6. | 4*400 रिले पुरूष | अंकित आर्य | फतेहगढ | प्रथम |
| | | अजय ठाकुर | फतेहगढ | |
| | | मनीपाल | फतेहगढ | |
| | | हरिओम | फतेहगढ | |
| | | पिन्टू | कानपुर नगर | द्वितीय |
| | | विशाल | कानपुर नगर | |
| | | विजय | कानपुर नगर | |
| | | योगेश | कानपुर नगर | |
| | | सतीश | इटावा | तृतीय |
| | | सौरभ | इटावा | |
| | | तिलक कुमार | इटावा | |
| | | जयचन्द्र | इटावा | |
| 7. | 4*400 रिले महिला | खुशबू | कानपुर नगर | प्रथम |
| | | बबली | कानपुर नगर | |
| | | प्रियंका छोकर | कानपुर नगर | |
| | | रामा शर्मा | कानपुर नगर | |
| | | कुसुम वर्मा | इटावा | द्वितीय |
| | | सीमा कुमारी | इटावा | |
| | | अमीषा | इटावा | |
| | | स्नेहा | इटावा | |
| | | पूजा कुमारी | ललितपुर | तृतीय |
| | | पल्लवी | ललितपुर | |
| | | सावित्री | ललितपुर | |
| | | कृष्णा | ललितपुर | |
| 8. | खो-खो प्रतियोगिता महिला | किरन | कानपुर नगर | विजेता |
| | | रामा शर्मा | कानपुर नगर | |
| | | आकांक्षा | कानपुर नगर | |
| | | अनुराधा | कानपुर नगर | |
| | | ममता | कानपुर नगर | |
| | | गुंजन | कानपुर नगर | |
| | | खुशबू | कानपुर नगर | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तेजपाल सिंह | फतेहगढ़ | |
| | | कृष्णकान्त | फतेहगढ़ | |
| 9. | 100 मी0 दौड पुरूष | सतीश | इटावा | प्रथम |
| | | शिवम | कानपुर नगर | द्वितीय |
| | | उमेर अनीश | झांसी | तृतीय |
| | 100 मी0 दौड़ महिला | ज्योति | कानपुर नगर | प्रथम |
| | | कुसुम | इटावा | द्वितीय |
| | | ममता | कानपुर नगर | तृतीय |
| 10. | 4*100 रिले पुरूष | सतीश | इटावा | प्रथम |
| | | शुभम | इटावा | |
| | | अनिल | इटावा | |
| | | रविन्द्र | इटावा | |
| | | आदित्य | कानपुर नगर | द्वितीय |
| | | शिवम | कानपुर नगर | |
| | | राहुल | कानपुर नगर | |
| | | विजय | कानपुर नगर | |
| | | रोहित शुक्ला | फतेहगढ | तृतीय |
| | | अजय ठाकुर | फतेहगढ | |
| | | इन्द्रभान | फतेहगढ | |
| | | हरिओम | फतेहगढ | |
| | 4*100 रिले महिला | किरनपाल | कानपुर नगर | प्रथम |
| | | गुंजन | कानपुर नगर | |
| | | ज्योति | कानपुर नगर | |
| | | रामा शर्मा | कानपुर नगर | |
| | | कुसुम वर्मा | इटावा | द्वितीय |
| | | अमीषा | इटावा | |
| | | सीमा कुमारी | इटावा | |
| | | स्नेहा | इटावा | |
| | | उषा | फतेहगढ | तृतीय |
| | | पूजा | फतेहगढ | |
| | | करीना | फतेहगढ | |
| | | विमलेश | फतेहगढ | |

**मीडिया सेल फतेहगढ़**








GPS Map Camera
Shamshabad, Uttar Pradesh, India
GCMQ+CHR, Shamsabad - Roshnabad Rd, Shamshabad, Uttar Pradesh 209503, India
Lat 27.533569°
Long 79.438978°
10/11/23 06:44 PM GMT +05:30
Google